दिन– बुधवार दिनांक– 12 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने राज्य में बाढ़ से सुरक्षा के लिए बागमती–शांति धार–बूढ़ी गंडक नदी जोड़ परियोजना समेत तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी।

02. प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में अगले वर्ष से समर्थ पोर्टल के माध्यम से होगा नामांकन। शिक्षा विभाग ने कुलपतियों को दिये निर्देश।

03. जेईई–मेन के जनवरी सत्र की परीक्षा में हाजीपुर के पाणिनी निन्यानवे दशमलव नौ नौ पर्सेंटाइल के साथ बिहार में पहले स्थान पर रहे।

04. और, माघी पूर्णिमा पर प्रदेशभर में गंगा समेत अन्य नदियों और सरोवरों में पवित्र स्नान जारी।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने राज्य में बाढ़ से सुरक्षा की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें बागमती–शांति धार–बूढ़ी गंडक नदी जोड़ परियोजना, कमला बलान के दोनों तटबंधों के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण और सड़क निर्माण का फेज–थ्री तथा चंपारण तटबंध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण और सड़क निर्माण की योजना शामिल है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

नई दिल्ली स्थित श्रम शक्ति भवन में मंत्रालय के सचिव देबाश्री मुखर्जी की अध्यक्षता में हुई तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक में इसकी स्वीकृति दी गयी। बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल और बाढ़ नियंत्रण और जल निस्सरण विभाग के अभियंता प्रमुख मनोज रमण ने भी मौजूद थे। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से उत्तर बिहार में बाढ़ से दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। कमला बलान परियोजना से मधुबनी, दरभंगा, सहरसा और समस्तीपुर जिले के लगभग एक सौ चौवालीस गांवों की साढ़े आठ लाख से अधिक की आबादी को बाढ़ के दुष्प्रभावों से सुरक्षा मिलेगी। वहीं, क्षेत्रवासियों को आवागमन के लिए एक वैकल्पिक मार्ग और सिंचाई सुविधा भी प्राप्त होगी।

समाचार कक्ष से अनुपम कुमार।

————————————————————————

सर्दियों में पराली जलाने की घटना को कम करने के लिए एक संसदीय समिति ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी की तरह धान के अवशेषों के लिए भी न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने की सिफारिश की है। कल राज्यसभा में पेश की गई अपनी रिपोर्ट में, अधीनस्थ विधान समिति ने सुझाव दिया कि इसके लिए पराली की प्रति इकाई मूल्य की समीक्षा होनी चाहिए और खरीफ फसल के मौसम से पहले वार्षिक आधार पर इसे अधिसूचित किया जाना चाहिए।

---

अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने केन्द्र सरकार से भारत–नेपाल के बीच सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग की है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल में उन्होनें कहा कि तीन सौ चौहत्तर किलोमीटर लम्बी इस सड़क का निर्माण वर्ष दो हजार सोलह तक पूरा होना था, जो अब तक मात्र एक सौ सतहत्तर किलोमीटर ही बन पाया है। उन्होंने कहा कि यह सड़क दोनों देशों के लिए सामरिक, आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यह सड़क बिहार के पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया के सिकटी और किशनगंज के गलगलिया तक जाएगी।

---

शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों को अगले वर्ष से समर्थ पोर्टल के माध्यम से छात्रों का नामांकन करने और इसी के अनुरूप कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये हैं। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने पटना में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को इस संबंध में निर्देश दिये। मंत्री ने विलम्बित शैक्षणिक सत्र को नियमित करने और छात्रों के प्रमाण पत्रों को डीजी लॉकर पर अपलोड कराने को कहा है। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों में कौशल विकास केन्द्र और उद्यमिता सेल का निर्माण कराने का निर्देश भी दिये गये हैं।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई–मेन जनवरी सत्र का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में हाजीपुर के छात्र पाणिनी निन्यानवे दशमलव नौ नौ पर्सेंटाइल प्राप्त कर बिहार टॉपर बने हैं। परीक्षा में राज्य के तिरेसठ हजार चार सौ इक्यासी छात्र शामिल हुये थे। देशभर में चौदह छात्रों ने सौ पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त किया है।

---

राज्य के उन्नीस प्रखंडों में पिछले लगभग एक वर्ष से बंद कौशल विकास केंद्रों को फिर से चालू किया जायेगा। केंद्र संचालन के लिए भवन सहित आधारभूत संरचना राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। श्रम संसाधन विभाग के अनुसार पटना, भागलपुर और पश्चिम चम्पारण के दो–दो प्रखंडों में कौशल प्रशिक्षण केंद्र शुरू किये जायेंगे। केंद्र संचालन के लिए विभाग ने संबंधित एजेंसियों से आवेदन मांगा है।

---

प्रदेश में कोई भी व्यक्ति अब अपने नाम पर अधिकतम नौ सिम का ही प्रयोग कर सकेगा। इससे अधिक सिम होने पर दूरसंचार विभाग की ओर से उन्हें रद्द कर

दिया जायेगा। बिहार–झारखंड के दूरसंचार महानिदेशक बाबू राम ने कहा है कि इस प्रकार के सत्ताईस लाख से अधिक मोबाईल सिम नम्बरों को बंद किया जा रहा है। महानिदेशक ने बताया कि केन्द्रीय दूरसंचार मंत्रालय के दिशा–निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है।

————————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से

———म्यूजिक———

प्रयागराज में आज महाकुंभ का माघी पूर्णिमा स्नान चल रहा है। कल्पवास के विशेष अनुष्ठान के समापन के प्रतीक इस स्नान का विशेष महत्व है। इस वर्ष इसमें दस लाख से अधिक कल्पवासी शामिल होंगे। महाकुंभ में कल्पवास विशेष फलदायी माना जाता है। माना जाता है कि माघ पूर्णिमा तक प्रयागराज में संगम तट पर कल्पवास करने से एक हजार साल की तपस्या का फल मिलता है।

उत्तरप्रदेश सरकार ने इस अवसर पर विशेष यातायात व्यवस्था के साथ ही मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की है। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम– महाकुंभ मेला तेरह जनवरी को शुरू हुआ है। अब तक छियालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई है। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–आदर्श

———बाईट———

————————————————————————

माघी पूर्णिमा पर आज प्रदेशभर में श्रद्धालु गंगा समेत अन्य नदियों और सरोवरों में सुबह से ही पवित्र स्नान कर रहे हैं। राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में पुण्य स्नान को देखते हुये प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किये हैं। इसके तहत राजधानी पटना की यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि आज सुबह चार बजे से अशोक राजपथ पर कारगिल चौक से गायघाट पर वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान वाहन जे.पी, गंगा पथ से गुजर सकेंगे। आपातकालीन सेवा पर प्रतिबंध नहीं रहेगा। शहर में बड़े व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश भी बंद कर दिया गया है।

————————————————————————

आज संत रविदास की जयंती है। संत रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन बनारस में हुआ था। वे चौदहवीं सदी के महान संत और कवयित्री मीराबाई के गुरु थे।

उन्होंने जाति का भेदभाव मिटाकर लोगों को एकजुट करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उनकी जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रदेश भाजपा की ओर से पटना स्थित बापू सभागार में इस अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम ने बताया कि इस समारोह में प्रदेश के विकास मित्र सहित बड़ी संख्या में संत के अनुयायी सम्मिलित होंगे।

———————————————————————

कैमूर सहित राज्य के तैंतीस जिले के भूगर्भ जल में आयरन की मात्रा तय मानक से अधिक पाई गयी है। केंद्रीय भूजल आयोग की जल गुणवत्ता रिपोर्ट दो हजार चौबीस के अनुसार देश के सर्वाधिक आयरन प्रभावित छह राज्यों में बिहार शामिल है। इन जिलों के भूजल में एक एमजी प्रति लीटर से ज्यादा आयरन की मात्रा मिली है। वहीं, वर्तमान में राज्य के बारह जिलों में आयरन प्रभावित पेयजल का उपचार पीएचईडी विभाग कर रहा है। इधर, रिपोर्ट के अनुसार सीवान, वैशाली, बक्सर जहानाबाद और लखीसराय जिले के पानी में अधिक खारापन पाया गया है। वहीं, सीवान जिले के भूगर्भ जल में यूरेनियम की मात्रा भी तीस पीपीबी से अधिक पाई गयी है।

———————————————————————

पछुआ हवा का प्रभाव कम होने से राज्य के अधिकांश हिस्सों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक बताया कि अगले चौबीस घंटों में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी की संभावना है। इसके बाद अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित अड़सठवीं राष्ट्रीय स्कूल अंडर नाइनटीन तलवारबाजी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में बिहार ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में काजल कुमार, प्रगति कुमार, श्रेयसी सिन्हा और इशिका शेखर ने शानदार प्रदर्शन किया।

—————————————————————————

एसटीएफ की विशेष टीम ने सुपौल जिले के पचास हजार रुपये के इनामी अपराधी उपदेश कुमार और उसके साथी मोहम्मद रईस को प्रतापगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी पिस्टल, दो मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। वहीं, बेगूसराय जिले से एसटीएफ ने विभिन्न मामलों में तेरह अपराधियों गिरफ्तार किया है।

—————————————————————————

शिक्षा विभाग ने विद्यालय के नामांकन पंजी में बच्चों के नाम और जन्म तिथि समेत अन्य संशोधनों को करने की अनुमति दी है। विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव ने बताया कि बच्चों की पूरी जानकारी उनके आधार कार्ड के अनुरूप हो इसलिए यह निर्देश दिया गया है।

—————————————————————————

बेगूसराय में साइबर अपराधियों ने बिजली मीटर रिचार्ज करने के नाम पर जालसाजी कर एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से लगभग डेढ़ लाख रुपये की निकासी कर ली। इस संबंध में स्थानीय साइबर थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

—————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर दिये गये बयान पर लिखा है– एआई के वैश्विक तंत्र से विश्वास बढ़ेगा।

दैनिक जागरण ने राजधानी पटना में बन रहे मेट्रो रेल की खबर को प्रमुखता दी है। अखबार लिखता है– अगले माह से प्रायोरिटी कोरिडोर में बिछेगा मेट्रो का ट्रैक, बोगियां भी जल्द आयेंगी पटना, मार्च तक तैयार हो जायेगा डीपो।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– सरकार ने आवास बोर्ड की जमीन के मालिकों को दी बड़ी राहत। आवास बोर्ड की जमीन के आवंटी अब लगान दे कर म्यूटेशन करा सकेंगे।

—————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने राज्य में बाढ़ से सुरक्षा के लिए बागमती–शांति धार–बूढ़ी गंडक नदी जोड़ परियोजना समेत तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी।

02. प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में अगले वर्ष से समर्थ पोर्टल के माध्यम से होगा नामांकन। शिक्षा विभाग ने कुलपतियों को दिये निर्देश।

03. जेईई–मेन के जनवरी सत्र की परीक्षा में हाजीपुर के पाणिनी निन्यानवे दशमलव नौ नौ पर्सेंटाइल के साथ बिहार में पहले स्थान पर रहे।

04. और, माघी पूर्णिमा पर प्रदेशभर में गंगा समेत अन्य नदियों और सरोवरों में पवित्र स्नान जारी।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।